>

Title : Need to construct a railway over bridge at level crossing on Varanasi-Lucknow railway line in Jagdishpur, Machhlishahr Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh.

श्री तूफानी सरोज (मछलीशहर): महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र मछलीशहर के अंतर्गत वाराणसी-लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग पर जौनपुर शहर से सटे जगदीशपुर में मैन्ड रेलवे क्रॉसिंग है । यह क्रॉसिंग वाराणसी-लखनऊ उत्तर रेलवे लाइन पर है । यह दोहरी रेल लाइन है जिसके कारण इस लाइन पर रेल गाड़ियों का आवागमन लगातार बना रहता है और रेलवे क्रॉसिंग अधिकतर बंद हो जाया करती है । क्रॉसिंग बंद हो जाने पर शहर में जाम लग जाया करता हे जिससे आम लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है । मैंने सदन में इस समस्या को उठाया था और इस रेलवे क्रॉसिंग के ऊपर ओवरब्रिज बनाने की मांग की थी । पर उस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई । माननीय रेल मंत्री से मेरी मांग है कि वह उक्त रेलवे क्रॉसिंग पर लगने वाले जाम को देखते हुए वहां ओवरब्रिज बनाने का विभाग को आदेश देने का कष्ट करें ।